वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 1415 / गोप0 / प्रायो0 / 24 दिनांकः 26.12.2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश।

विषय :– NEP के अर्न्तगत सत्र 2024–25 में प्रवेशित स्नातक स्तर प्रथम सेमेस्टर के समस्त विषयों के प्रायोगिक में 75 अंक के स्थान पर 100 अंक दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या 2090 / सत्तर–3–2024–9(1) / 2023(L–4), दिनांक 02 सितम्बर 24 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय के पत्रांकः 5741 / शैक्षणिक / 2024, दिनांकः 18.09.2024 एवं पत्रांकः 6183 / शैक्षणिक / 2024, दिनांकः 01.10.2024 के द्वारा पूर्व में अवगत कराया गया था कि ''मुख्य व माईनर विषयों के केवल थ्योरी पेपर्स में 25 अंक का सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) अनिवार्य होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा 75 अंकों की परीक्षा करायी जायेगी। **प्रयोगात्मक, वोकेशनल / स्किल, को–करीकुलर तथा शोध परियोजना के कोर्सेज में सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIE) आवश्यक नहीं है तथा विश्वविद्यालय द्वारा इन कोर्सेज की परीक्षा 100 अंकों के आधार पर होगी''।**

अतः उक्त के सम्बन्ध में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि सत्र 2024–25 के स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा कुल 100 मार्क्स में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षायें पूर्व की भाँति 75+25 मार्क्स में ही सम्पन्न करायी जायेगी।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :

1. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner